**Prathama U.P. Gramin Bank**
(sponsored by : **Punjab National Bank**)
Ram Ganga Vihar Phase –IInd Moradabad
e-mail: gad@prathamabank.com
website: prathamaupbank.com

Head Office:
Phone: 0591-2492088

प्रयूग्राबैं/जीएडी/टैण्डर/02/22 दिनांक – 31-08-2022

प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय मुरादाबाद के भवन में रंगाई,पुताई एवं टाइल्स वर्क के कार्य के लिये सीलबंद निविदाएँ आमन्त्रित की जा रही हैं । कार्य करने के इच्छुक ठेकेदार बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र प्राप्त कर कार्य के निष्पादन हेतु पंजीकृत डाक / स्पीडपोस्ट /कूरियर के माध्यम से भेजे जाएँ । निविदाएँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22-09-2022, 02 PM तक है इसके बाद निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी । सील बंद लिफाफे के शीर्ष पर कार्य का नाम स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए अन्यथा निविदा प्राप्त नहीं होगी । डाक विभाग / कूरियर कंपनी की वजह से हुयी किसी भी हानि या विलंब के लिये बैंक जिम्मेदार नहीं है ।

सभी विवरणों के साथ निविदाएँ दस्तावेज और शर्तें बैंक की वेबसाइट WWW.PRATHAMAUPBANK.COM से डाउनलोड की जा सकती है । बैंक किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताएँ स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। निविदा समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा ।

| | |
|---|---|
| टैण्डर सन्दर्भ | प्रयूग्राबैं/जीएडी/टैण्डर/02/22 |
| टैण्डर प्रारम्भ की तिथि | 01-09-2022 |
| कार्य का नाम | **"प्रथमा भवन के रंगाई पुताई व टाइल्स का कार्य"** |
| सुरक्षा जमाराशि | रू0 50000/- (डिमांड ड्राफ्ट /एफ0डी0, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के नामे बंधक) |
| टैण्डर फीस | रू0 500/- (जो वापस नहीं की जाएगी )<br>बैंक का खाता संख्या - 91512100000479,<br>खाता नाम – प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक |
| प्री - बिड बैठक | 15-09-2022 , 11:00 AM |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-09-2022 , 02:00 PM |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 22-09-2022, 04:00 PM |
| निविदा भेजने का पता (बंद लिफाफें में निविदाएँ बैंक के निम्न पते पर भेजे) | **महाप्रबन्धक (जीएडी)<br>प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक,<br>प्रधान कार्यालय, मुरादाबाद<br>रामगंगा विहार फेज़ – 2,<br>मुरादाबाद – 244001** |

पात्रता –

01-ठेकेदार को पूर्व में किसी सरकारी / गैर –सरकारी वित्तीय संस्था, हास्पीटल, कालेज इत्यादि में कार्य करने का अनुभव होना चाहिये । उक्त के साक्ष्य के रूप में न्यूनतम दो कार्य पूर्ण प्रमाण पत्र जो कि 31.03.2020 से पुराने नहीं हो, निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य है ।

02-टैण्डर में पैन कार्ड ,आधार कापी व बैंक खाते की स्टेटमेंट /पासबुक की कापी निविदा के साथ प्रस्तुत करनी होगी । यदि जीएसटी है तो उक्त की कापी भी प्रस्तुत करें ।

सामान्य नियम व शर्तें –

01-टैण्डर फीस रू0 500/- वापस नहीं की जाएगी यदि टैण्डर कैंसिल होता है तो भी टैण्डर फीस वापस नहीं की जाएगी ।

02- टैण्डर फीस NEFT/RTGS के माध्यम से बैंक के खाता संख्या 91512100000479, खाता नाम- प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में जमा की जा सकती है । निविदा के साथ फीस जमा की जाने का प्रमाण UTR NO प्रस्तुत करना होगा । टैण्डर फीस डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भी जमा की जा सकती है ।

03-निविदा के साथ सुरक्षा जमाराशि के रूप में रू0 50000/- की राशि डिमांड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0 के माध्यम से जमा की जा सकती है । डिमांड ड्राफ्ट प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के नाम पर बनेगा एवं एफ0डी0आर0 प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के नाम से बंधक होगी । अन्य किसी रूप में सुरक्षा जमाराशि स्वीकार नहीं की जाएगी ।

04-यदि कार्य करने वाले श्रमिकों/कारीगरों द्वारा कोई बैंक की संपत्ति जैसे बैंक फर्नीचर,बिजली के यंत्र, तार इत्यादि की हानि होती है तो उक्त हानि की भरपाई कार्य करने वाले L-1 ठेकेदार द्वारा बैंक को की जाएगी । जिस राशि का निर्धारण बैंक करेगा ।

05-कार्य करने के दौरान, L-1 ठेकेदार द्वारा लगाये गये श्रमिक/कारीगरो के कोई चोट, नुकसान यदि होता है तो इसके लिये ठेकेदार पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा । इसके लिये बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

06-निविदा में दी गयी दरें 03 माह तक प्रभावी रहेंगी ।

07-कार्यादेश दिये जाने पर ठेकेदार को कार्य 25 दिन के भीतर पूर्ण करना होगा और यदि 25 दिन से अधिक समय लगता है तो निम्नानुसार पेनाल्टी लगायी जाएगी ।

a) 25 दिन समाप्त होने के बाद 5 दिन तक – सम्पूर्ण कार्य राशि का 05 प्रतिशत
b) 5 दिन से अधिक 10 दिन तक – सम्पूर्ण कार्य राशि का 10 प्रतिशत
c) 10 दिन से अधिक 15 दिन तक – सम्पूर्ण कार्य राशि का 15 प्रतिशत
d) 15 दिन के बाद भी कार्य पूर्ण न होने की दशा में कार्यादेश निरस्त कर दिया जाएगा व पूर्व में किये गये कार्य का कोई भुगतान नहीं किया जाएगा ।

08-बैंक द्वारा टैण्डर में दिये गये प्रस्तावित कार्य को बैंक द्वारा घटाया या बढ़ाया जा सकता है ।

09-बैंक किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताएँ स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। निविदा समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा । पूरी टैण्डर प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर निरस्त करने का अधिकार बैंक सुरक्षित रखता है ।

10-कार्य निष्पादन हेतु आवश्यक सामग्री जैसे पाड़, बल्ली,ब्रश,रेगमाल,रोलर इत्यादि की व्यवस्था L-1 ठेकेदार द्वारा की जाएगी ।

11-किसी भी विवाद हेतु क्षेत्राधिकार मुरादाबाद होगा ।

12-सील बंद लिफाफे पर निविदाकर्ता का नाम उसके पते के साथ होना चाहिए और लिफाफे के ऊपर **"प्रथमा भवन के रंगाई पुताई व टाइल्स का कार्य हेतु निविदा"** स्पष्ट लिखा होना चाहिए । इस लिफाफे में फाइनेन्सियल बिड **annexure –A** (दरें /रेट्स )अलग बन्द लिफाफे में होनी चाहिये । निविदाएँ ई-मेल के माध्यम से स्वीकार नहीं की जाएंगी ।

13-टैण्डर में दिया गया कार्य पूर्ण होने के पश्चात् बैंक एम्पैनल्ड आर्किटेक्ट द्वारा कार्य का निरीक्षण किया जाएगा । ठेकेदार द्वारा किया गया कार्य टैण्डर में दी गयी गुणवत्ता के अनुरूप पाये जाने पर ही आर्किटेक्ट द्वारा कार्यपूर्ण प्रमाण पत्र दिया जाएगा । जिसके उपरान्त ठेकेदार को भुगतान किया जाएगा ।

14-यदि आर्किटेक्ट द्वारा निरीक्षण करने पर टैण्डर में दी गयी गुणवत्ता के अनुरूप कार्य नहीं पाया जाता है तो ठेकेदार को पूर्ण भुगतान नहीं किया जाएगा । भुगतान राशि का निर्धारण बैंक द्वारा किया जाएगा ।

15-कार्यादेश दिये जाने पर ठेकेदार द्वारा कार्यादेश 05 कार्यदिवस के भीतर स्वीकार करना होगा । कार्यादेश स्वीकार नहीं किये जाने की दशा में कार्यादेश निरस्त कर ठेकेदार द्वारा जमा सुरक्षा जमाराशि जब्त करने का अधिकार बैंक को होगा ।

16-निम्नलिखित वचन पत्र भी निविदा के साथ संलग्न करना होगा ।

सेवा में,
महाप्रबन्धक(जीएडी)
प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक
प्रधान कार्यालय – मुरादाबाद

महोदय,

01-मैं/हम अनुबंध की उक्त शर्तों और निविदा आमंत्रण सूचना में निहित में निहित प्रावधानों के नियमों और प्रावाधानों का पालन करने के लिए सहमत हूँ/हैं। मैं/हम एतद् द्वारा निविदा शर्तों को बिना शर्त स्वीकार करते हैं ।

02-यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने /हमने अपने निविदा प्रस्ताव में कोई शर्त निर्धारित नहीं की है । यदि निविदा खोलने के बाद हमारे निविदा प्रस्ताव में किसी भी शर्त का उल्लघंन पाया जाता है , तो मैं/हम सहमत हैं कि निविदा को बिना किसी पूर्वाग्रह के अस्वीकार कर दिया जाएगा या सुरक्षा जमाराशि को पूरी तरह से जब्त करने के लिये आप स्वतंत्र होंगे ।

03-मैं / हम वचन देते हैं कि निविदा दस्तावेज अनुबंध का हिस्सा होगा ।

हस्ताक्षर

नाम-
मोबाइल नम्बर-
पता –
दिनांक-

**Prathama U.P. Gramin Bank**
(sponsored by : **Punjab National Bank**)
Ram Ganga Vihar Phase –IInd Moradabad
e-mail: gad@prathamabank.com
website: prathamaupbank.com

Head Office:
Phone: 0591-2492088

## FINANCIAL BID RATES (annexure –A)

| S.NO | DESCRIPTION | QTY | UNIT | RATE(RS.) | AMOUNT(RS) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **Painting On Interior Walls And Statircase Of Building** with emulsion paint, three or more coats to achieve the desirable shade & finish including primer coat & touch up putty with all material labour & t&p etc. | 3043.00 | Sqft | | |
| 02 | **Painting on outer walls of building** with water proof paint, three or more coats to achieve the desirable shade & finish including primer coat & touch up putty with all material labour & T&P etc | 7639.92 | Sqft | | |
| 03 | **Painting on exterior boundary wall** with water proof paint, three or more coat & touch up putty with all material labour & T&P etc | 6959.03 | Sqft | | |
| 04 | **Tiles on exterior boundary** providing & fixing ceramic glazed tiles of desired shade & texture on exterior boundary wall including preparation of base grouting complete with all material labour & T&P etc. | 6959.03 | Sqft | | |
| | Total amount (1+2+3) | | | | |
| | Total amount (1+2+4) | | | | |

Signature & Name

Prathama U.P. Gramin Bank
(sponsored by : Punjab National Bank)
Ram Ganga Vihar Phase -IInd Moradabad
e-mail: gad@prathamabank.com
website: prathamaupbank.com

Head Office:
Phone: 0591-2492088

## टैण्डर नोटिस

प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय मुरादाबाद के भवन में रंगाई,पुताई एवं टाइल्स वर्क के कार्य के लिये सीलबंद निविदाएँ आमन्त्रित की जा रही हैं । कार्य करने के इच्छुक ठेकेदार बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र प्राप्त कर सील बन्द लिफाफे में डाक के माध्यम से भेजें । निविदाएँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22-09-2022, 02 PM तक है इसके बाद निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी ।अधिक जानकारी के लिये बैंक की वेबसाइट WWW.PRATHAMAUPBANK.COM पर टैण्डर पेज पर देखें ।

महाप्रबंधक
जीएडी